# उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की 215 वीं बैठक दिनांक 6 जनवरी, 2011 का कार्यवृत्त

सर्वप्रथम आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद ने, निदेशक मण्डल तथा आवास एवं विकास परिषद की ओर से अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया, जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी | माननीय अध्यक्ष, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद | अध्यक्ष |
| 2 | श्री रवीन्द्र सिंह | प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन। | सदस्य |
| 3. | श्री अच्छे लाल निषाद | मा0 उपाध्यक्ष, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद | सदस्य |
| 4. | श्री मदन लाल विन्द | मा0 उपाध्यक्ष, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद | सदस्य |
| 5 | श्री एम0वी0एस0रामीरेड्डी | आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद। | सदस्य |
| 6. | श्री वी0के0एल0 श्रीवास्तव | विशेष सचिव, प्रतिनिधि प्रमुख सचिव वित्त, उ0प्र0शासन | सदस्य |
| 7. | सुश्री नीरजा कृष्णा | संयुक्त निदेशक, सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो निदेशालय,प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, सार्वजनिक उद्यम विभाग, उ0प्र0शासन | सदस्य |
| 8. | श्री एन0आर0वर्मा | मुख्य नगर एवं ग्राम्य नियोजक उ0प्र0 | सदस्य |
| 9. | श्री एम0एस0सिद्दीकी | वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद। | सदस्य |
| 10. | श्री एस0 एन0 राम | मुख्य अभियंता, उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद। | सदस्य |
| 11. | श्री सी0पी0शर्मा | मुख्य वास्तुविद एवं नियोजक, उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद। | सदस्य |

## विशेष आमंत्रित सदस्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | श्री आर0के0 मिश्रा | संयुक्त सचिव, प्रतिनिधि उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण। | |

| मद सं0 | विषय | निर्णय |
|---|---|---|
| 215/1 | परिषद की 214वीं बैठक दिनांक 27जुलाई, 2010 के कार्यवृत्त की पुष्टि। | पुष्टि की गयी। |
| 215/2 | परिषद की 214 वीं बैठक दिनांक 27 जुलाई, 2010 की अनुपालन आख्या। | अवलोकित किया गया। |

## वित्त एवं लेखा अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 215/3 | निदेशक मण्डल की लेखा परीक्षा उप समिति की बैठक दिनांक 28.07.2010 की कार्यवृत्ति। | अवलोकित किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| 215/4 | परिषद के वित्तीय वर्ष 2009–10 के वार्षिक लेखो के अनुमोदन के सम्बन्ध में। | अनुमोदित किया गया। |
| 215/5 | निदेशक मण्डल की लेखा परीक्षा उप समिति की बैठक दिनांक 15.11.2010 की कार्यवृत्ति। | अवलोकित किया गया। |

## भूमि अर्जन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 215/6 | जनपद गाजियाबाद में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की दिल्ली–सहारनपुर मार्ग भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना के लिये अर्जित की जा रही 1058.061हे0 भूमि को करार नियमावली–1997 के अंतर्गत आपसी समझौते से लिए जाने हेतु पुनः प्रतिकर की दर निर्धारण के सम्बन्ध में। | अवलोकित किया गया। |
| 215/7 | वृन्दावन योजना संख्या–4 रायबरेली रोड लखनऊ में समाविष्ट ग्राम कल्ली पश्चिम की भूमि करार नियमावली 1997 के अंतर्गत आपसी समझौते से क्रय किए जाने के सम्बन्ध में। | अवलोकित किया गया। |
| 215/8 | सरकुलर रोड भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना हरदोई के सम्बन्ध में नियोजन समिति की संस्तुतियॉ एवं धारा–31(1)के प्रस्ताव के अनुमोदन के सम्बन्ध में। | अनुमोदित किया गया। |

## प्रशासन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 215/9 | अधीक्षण अभियंता के पदों पर पदोन्नति के सम्बन्ध में। | विभागीय प्रोन्नति समिति की संस्तुति का अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 215/10 | वेतन समिति (2008) के सातवें प्रतिवेदन की संस्तुतिओं पर लिये गये निर्णयानुसार उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद के कार्यप्रभारित कार्मिको को पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन तथा अन्य भत्ते एवं सुविधाओं की स्वीकृति के सम्बन्ध में। | प्रस्ताव शासन को संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| 215/11 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दिए जा रहे स्थानीय भत्ता (Conveyance Allowance ) रू0 10.00 की धनराशि में वृद्धि करने के सम्बन्ध में। | वास्तविक व्यय के आधार पर आवास आयुक्त को प्रतिपूर्ति करने हेतु अधिकृत किया गया। |
| 215/12 | चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन के संशोधन/उच्चीकरण के सम्बन्ध में। | शासनादेश को अंगीकृत करने का अनुमोदन किया गया। |
| 215/13 | परिषद में लेखाधिकारी के चार अतिरिक्त पदों की स्वीकृति/ तैनाती किए जाने के सम्बन्ध में। | शासन को संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 215/14 | उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद सहायक अभियंता सेवा विनियमावली –1973(यथा–संशोधित) के भाग–3 के विनियम–5 में सहायक अभियंताओं के रिक्त पदो को भरे जाने के सम्बन्ध में। | प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। |
| 215/15 | परिषद में फील्ड/प्रोजेक्ट पर तैनात अवर अभियंताओं को 20 लीटर पेट्रोल की कीमत के बराबर धनराशि (प्रतिमाह) वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ता अनुमन्य किए जाने के सम्बन्ध में। | फील्ड में तैनात अवर अभियन्ताओं को वाहन व्यय प्रतिपूर्ति रू0 1000/– प्रतिमाह दिये जाने का निर्णय लिया गया। |

**सम्पत्ति प्रबन्ध अनुभाग**

| | | |
|---|---|---|
| 215/16 | परिषद की विकास नगर योजना लखनऊ में दूरसंचार विभाग को आवंटित ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या–2/जी0एच0–2 की रजिस्ट्री किए जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक परीक्षणोपरान्त रजिस्ट्री किये जाने का निर्णय लिया गया। |

**वास्तुकला एवं नियोजन अनुभाग**

| | | |
|---|---|---|
| 215/17 | परिषद की योजनाओं में शासनादेश संख्या–5136/आठ–3–2008–11 विविध/08 लखनऊ दिनांक 25 सितम्बर, 2008 के अनुसार कियान्वयन के संबन्ध में। | निर्णय लिया गया कि परिषद की अनिस्तारित सम्पत्तियों को शासनादेश सं0–5136/आठ–3–08–11विविध/8 दि0 25.9.2008 के अनुसार एफ0 ए0 आर0 दिया जाये। जो सम्पत्तियां पूर्व निस्तारित की जा चुकी है, उन्हें एफ0ए0आर0 क्रय करने की सुविधा शासनादेश के अनुसार निर्धारित शुल्क/Compounding charges आदि प्राप्त कर, प्रदान की जाये। |

## प्रशासन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 215/18 | परिषद के अभियंता अधिकारियो को दिनांक 31.12.02 तक अनुमन्य जलनिगम की भॉति समयमान वेतनमान की सुविधा को दिनांक 30.11.08 तक बढ़ाये जाने के सम्बंध में। | शासन को संदर्भित किये जाने हेतु निर्णय लिया गया। |
| 215/19 | उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद में विधि परामर्शदाता की नियुक्ति के सम्बन्ध में। | कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी। |

## अभियंत्रण अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 215/20 | उ0प्र0शासन की मा0श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना को परिषद में अंगीकृत करने के सम्बंध में। | अंगीकृत किया गया। |

## वास्तुकला एवं नियोजन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 215/21 | मैसर्स डी0एल0एफ0लि0 की लखनऊ में प्रस्तावित इण्टीग्रेटेड आवासीय योजना में पंजीकरण की समयावधि बढ़ाने,लाईसेन्स उपलब्ध कराने एवं उ0प्र0 जमीदारी विनाश एवं व्यवस्था अधिनियम–1950 की धारा–154(2) के अन्तर्गत प्रदान की गई छूट के क्षेत्रफल को कम करने के सम्बंध में। | मैसर्स डी0एल0एफ0लि0 की पंजीकरण अवधि बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में प्रकरण शासन को संदर्भित किया जाये। प्रस्तावित इंट्रीग्रेटड आवासीय योजना लखनऊ विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत आ गया है। अतः शासन से मार्गदर्शन प्राप्त कर लिया जाये कि नोडल एंजेसी उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद होगी अथवा विकास प्राधिकरण। |
| 215/22 | व्यवसायिक भूखण्ड संख्या 16/काम–1, अटलचौक वसुन्धरा योजना, गाजियाबाद के भू–उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में। | शासनादेश संख्या 2438 दिनांक 13.10.98 में दी गयी व्यवस्था अनुसार प्रचलित समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर यथोचित कार्यवाही कर प्रस्ताव अगामी बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय। भूखण्ड की भू–उपयोग उच्च श्रेणी उपयोग से निम्न श्रेणी उपयोग में परिवर्तन करने के सम्बन्ध में शासन से मार्ग दर्शन प्राप्त किया जाये। |

| | | |
|---|---|---|
| 215/23 | व्यवसायिक भूखंड संख्या–13/एस/2 व संख्या–14/काम–1, अटल चौक, वसुंधरा योजना गाजियाबाद के भू–उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में। | आवास आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया है कि यह परिषद का स्वंय का भूखण्ड है इन भूखण्डो के भू–उपयोग परिवर्तन के उपरान्त परिषद द्वारा बहुमंजलिये आवासीय निर्माण कराया जायेगा। इस प्रस्ताव पर शासनादेश संख्या 2438 दिनांक 13.10.98 में दी गयी व्यवस्था अनुसार कार्यवाही कर प्रस्ताव अगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये। |
| 215/24 | माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय। | अन्य बिन्दु :–<br>मा0 श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के अन्तर्गत हो रहे वहृद कार्यो के क्रम में अभियन्ताओं की व्यस्तता को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्देश दिये गये कि परिषद परिसम्पत्तियों के निर्माण एवं विकास के सम्बन्ध में एक सुविचारित कार्य–योजना बना ले एवं लक्ष्य की पूर्ति के लिए निजी बिल्डर्स के सहयोग का भी आकलन करते हुए कार्य योजना अगामी बोर्ड बैठक में रखा जाये। |

(ओम नारायण सिंह)
सचिव

(एम0वी0एस0रामीरेड्डी)
आवास आयुक्त

अनुमोदित

( नसीमुद्दीन सिद्दीकी )
अध्यक्ष

पुष्टि की गयी
अध्यक्ष